**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1083**
**08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

# पणजी स्मार्ट सिटी परियोजना

**1083. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पणजी स्मार्ट सिटी परियोजना की स्थिति क्या है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ख) इस परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसी निर्माण कार्य के लिए निविदाएं दी गई हैं और यदि हां, तो उनके कब तक पूरा होने की संभावना है; और

घ) क्या कतिपय निर्माण कार्य रुके हुए है या अधर में अटके हुए हैं और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (घ): भारत सरकार द्वारा 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की शुरुआत की गई थी। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। पणजी को फास्ट ट्रैक राउंड मई 2016 में स्मार्ट सिटी के रूप में विकास के लिए चुना गया था।

26 जनवरी 2024 तक की स्थिति के अनुसार, इमेजिन पणजी स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा 995.49 करोड़ रुपये की 35 परियोजनाएं कार्यान्वित की गईं, जिनमें से 356.72 करोड़ रुपये की 18 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 638.77 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और पणजी स्मार्ट सिटी सहित सभी स्मार्ट सिटीज से निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने की अपेक्षा है।

***